COVID-19:
स्कूलों और बाल देखभाल केन्द्रों को फिर से खोलना

Ontario के स्कूलों को सुरक्षित रूप से फिर से खोलने में हर किसी की एक हिस्सेदारी है। इसीलिए Ontario सरकार ने हमारे बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए एक व्यापक योजना बनाने के लिए डॉक्टरों, स्वास्थ्य अधिकारियों, स्कूल बोर्डों और शिक्षकों के साथ काम किया।

सरकार के प्लान में छात्रों और स्कूल के स्टाफ की भलाई को सुनिश्चित करने में मदद के लिए, और अधिक शिक्षकों, अभिरक्षकों तथा नर्सों को लगाकर, फेस कवरिंग, हाथ धोने, भौतिक दूरी बनाए रखने, तथा अन्य उपायों से बढ़ी हुई स्वच्छता शामिल है।

एक नया विकल्प: कक्षा में (in-class) अथवा दूरस्थ (remote) शिक्षा

प्लान के भाग के रूप में, 2020-2021 स्कूल वर्ष के लिए प्राथमिक और माध्यमिक दोनों के छात्रों के लिए कक्षा में तथा दूरस्थ शिक्षा विकल्प उपलब्ध होंगे। परिवार उसका चयन कर सकते हैं जो उनके लिए सबसे अच्छा है।

बाल देखभाल केन्द्र

सितंबर 1, 2020 से शुरू होने वाले, बाल देखभाल केन्द्रों को अतिरिक्त सुरक्षा उपायों, जैसे अतिरिक्त सफाई, बच्चों और स्टाफ के सदस्यों की स्क्रीनिंग, स्टाफ के सदस्य या बच्चे के बीमार होने की स्थिति में संपर्क ट्रेस करने तथा सुरक्षा प्रोटोकॉल स्थापित करने के लिए उपस्थिति के रिकॉर्ड रखने के साथ पूर्ण क्षमता पर खोलने की अनुमति दी जाएगी।

पहले- और बाद के स्कूल कार्यक्रमों को मानक स्टाफ-बच्चे के अनुपातों तथा COVID-19 प्रकोप से पहले निर्दिष्ट अधिकतम समूह के आकार संबंधी जरूरतों के साथ संचालित करने की अनुमति दी जाएगी।

Ontario.ca/ReopeningChildCare पर और अधिक जानें।

प्राथमिक स्कूल: किंडरगार्टन से लेकर ग्रेड 8 तक

किंडरगार्टन से लेकर ग्रेड 8 तक के प्राथमिक छात्र प्रति सप्ताह पाँच दिन स्कूल आएंगे, बाकी छात्र रिसेस और लंच के समय सहित, पूरे दिन एक ही समूह में रहेंगे। कक्षा के समूह दिन भर एक साथ रहेंगे।

माध्यमिक स्कूल: ग्रेड 9-12

स्कूल बोर्ड के औहदे के आधार पर माध्यमिक स्कूल, पारंपरिक या अनुकूलित व्यक्तिगत शिक्षण और निर्देश के साथ सितंबर में खुलेंगे (अधिक जानकारी के लिए

Ontario.ca/DesignatedSchools के लिए लिंक शामिल करें)।

ग्रेड 9 से 12 तक में अधिकांश माध्यमिक छात्र एक अनुकूलित मॉडल के अनुसार स्कूल लौटेंगे। छात्रों के पास समयसारिणियां होंगी जिन्हें यथा संभव, छात्रों के एक समूह पर जोर देने के लिए डिजाइन किया गया है जिससे छात्र-से-छात्र के संपर्कों की संख्या को सीमित किया जा सके।

निर्दिष्ट स्कूल बोर्ड

निर्दिष्ट स्कूल बोर्डों में माध्यमिक स्कूल एक अनुकूलित मॉडल पर खुलेंगे, जिसमें लगभग 15 छात्रों की कक्षा के समूह बारी-बारी से कार्यक्रमों में भाग लेंगे जिसमें कम से कम 50% अनुदेशात्मक दिनों के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति शामिल होगी।

एक अनुकूलित मॉडल में माध्यमिक स्कूल के छात्रों को दूरस्थ शिक्षा के दिनों में पाठ्यक्रम से जुड़े स्वतंत्र कार्य निर्दिष्ट किए जाएंगे और, जहां संभव होगा, प्रत्येक स्कूल दिन के एक भाग के लिए अपने शिक्षक और सहपाठियों के साथ नियमित ऑनलाइन शिक्षण में भाग लेंगे।

गैर-निर्दिष्ट स्कूल बोर्ड

प्रति सप्ताह पाँच दिन **गैर-निर्दिष्ट** स्कूल बोर्डों में माध्यमिक स्कूलों को खोलने की अनुमति दी जाएगी। इन स्कूल बोर्डों का ओहदा कई कारकों पर आधारित होता है जो स्कूल बोर्ड के आकार, बोर्ड के माध्यमिक स्कूलों की संख्या और आकार, माध्यमिक ग्रेड के समूहों का आकार, तथा बोर्ड के प्रमुखता से शहरी होने या न होने, को ध्यान में रखते हैं।

सुरक्षा रणनीतियां

सितंबर में स्कूलों के लिए एक सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने में मदद के लिए, निम्नलिखित सुरक्षा रणनीतियों को अपनाया जा रहा है:

- प्रतिदिन स्कूल में उपस्थित होने से पहले सभी स्टाफ और छात्रों को स्व स्क्रीनिंग करना ज़रूरी है
- स्कूल के भीतर लगे पोस्टर और साइन बोर्ड स्व-स्क्रीनिंग, हाथ की स्वच्छता, भौतिक दूरी, हॉलवे के एकतरफा उपयोग, भीतर प्रवेश करने की पद्धतियों का समायोजन और खेल के मैदानों के उपयोग पर बल देंगे।
- ग्रेड 4 से 12 तक के छात्रों को कक्षाओं के भीतर गैर-चिकित्सीय या कपड़े के मास्क पहनना आवश्यक होगा। ग्रेड 3 तक के छात्रों के लिए फेस कवरिंग आवश्यक नहीं है, लेकिन उन्हें इसके लिए प्रोत्साहित किया जाता है ।
- सभी शिक्षकों और स्टाफ को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण प्रदान किए जाएंगे, और स्कूल के सभी कर्मचारियों से मास्क पहनने की अपेक्षा की जाएगी।

स्कूलों और बोर्डों को 500 तक नयी सार्वजनिक स्वास्थ्य नर्सों का भी सपोर्ट मिलेगा जो टेस्ट करने और स्थानीय स्वास्थ्य प्रोटोकॉल को लागू

करने तथा बच्चों तथा स्टाफ को सुरक्षित रखने में सपोर्ट करेंगी।

Ontario सरकार उपलब्ध सामुदायिक स्थान क पहुँच के लिए बोर्डों को सक्षम बनाने, अधिक शिक्षकों को नियुक्त करने या सभी बिना समय-सारिणी वाले शिक्षकों को पूरी तरह से तैनात करने के द्वारा छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित रखने के लिए अतिरिक्त कदम भी उठा रही है। ये कार्रवाइयां स्कूल बोर्डों को कक्षाओं के आकार को छोटा रखने, कक्षाओं में अधिक भौतिक दूरी की सुविधा देने और बोर्डों को स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर समायोजन करने की अनुमति देने में सक्षम करेंगी।

सरकार स्कूलों में वायु-संचालन, वायु गुणवत्ता और HVAC (Heating Ventilation and Air Conditioning –[तापन वायु-संचालन और वातानुकूलन]) प्रणाली की प्रभावशीलता में सुधार के लिए स्कूल बोर्डों को धन भी प्रदान कर रही है।

COVID -19 के लक्षणों की निगरानी और प्रतिक्रिया करना

कोई भी छात्र या स्टाफ सदस्य जिसमें स्कूल में रहते हुए COVID -19 के लक्षण विकसित हो जाते हैं, उसे तुरंत जहां संभव हो, एक अलग कमरे में, दूसरों से अलग कर दिया जाएगा जब तक कि वे घर जाने में सक्षम न हों। आइसोलेट किए गए छात्रों का सामान्य स्कूल नीति के अनुसार भौतिक दूरी बनाए रखते हुए, और PPE (personal protective equipment –[वैयक्तिक सुरक्षा उपकरण])प्रदान कर संगत स्वास्थ्य मार्गदर्शन के साथ पर्यवेक्षण किया जाना चाहिए। कोई भी छात्र या स्टाफ का सदस्य जिसमें लक्षण हों उसे सार्वजनिक परिवहन का उपयोग नहीं करना चाहिए।

जिसका भी परीक्षण परिणाम पॉजिटिव आता है उसे 14 दिनों तक स्वयं-आइसोलेट हो जाना चाहिए और जब तक उन्हें सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग से मंजूरी नहीं मिल जाती, तब तक स्कूल नहीं आ सकते।

यदि आप लक्षणों से युक्त एक माता-पिता, अभिभावक या स्कूल के स्टाफ हैं, तो यह समझने के लिए कि क्या कार्रवाई करना है covid-19.ontario.ca/self-assessment पर एक ऑनलाइन स्व-मूल्यांकन पूरा करें।

COVID-19 मामलों को रिपोर्ट करना

स्कूलों के लिए स्कूल में COVID -19 के किसी भी संदिग्ध या पुष्ट मामलों की रिपोर्ट स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई को तुरंत देना ज़रूरी है। प्राचार्यों को एक समर्पित सार्वजनिक स्वास्थ्य संपर्क और समीप के COVID-19 मूल्यांकन स्थलों की एक सूची बनाए रखना होगा।